भारत में रिन्यूएबल एनर्जी पर कम्यूनिकेटर्स (पत्रकारों) की वर्कशॉप

इंटरन्यूज अर्थ जर्नलिज्म नेटवर्क (ईजेएन) रिन्यूएबल एनर्जी पर एक वर्कशॉप आयोजित करने जा रहा है। इसमें भारत से कम्यूनिकेटर्स (पत्रकारों) को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह वर्कशॉप लखनऊ में 14 से 16 जुलाई के बीच होगी। उत्तर प्रदेश के कम्यूनिकेटर्स खासतौर पर इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख : 2 जून, 2023

भारत 2030 तक अपनी जीडीपी की उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करने और 2030 तक रिन्यूएबल एनर्जी से लगभग 50 प्रतिशत विद्युत शक्ति हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन महत्वाकांक्षी ऊर्जा लक्ष्यों के बारे में जन-जागरूकता में सुधार करने के साथ और भारत की ऊर्जा योजना में आज तक की प्रगति के बारे में बताने के लिए ईजेएन ने तीन दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया है। भारत में रिन्यूएबल एनर्जी के मुद्दों पर रिसर्च और रिपोर्ट करने के लिए कम्यूनिकेटर्स का कौशल बढ़ाने के उद्देश्य से ही वर्कशॉप के सत्र तैयार किए गए हैं।

ईजेएन कम्यूनिकेटर्स, शोधकर्ताओं, विषय विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और समुदायों के बीच जुड़ाव की सुविधा देगा। भारत अपने कुल ऊर्जा मिश्रण में रिन्यूएबल एनर्जी का प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास कर रहा है, ऐसे में जानकारी हासिल करने और आगे के रास्ते में आने वाली बाधाओं और वादों की गहरी समझ प्रदान करने का मौका भी देगा।

वर्कशॉप उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 14 से 16 जुलाई, 2023 तक होगी।

• प्रिंट, ऑनलाइन, रेडियो और टेलीविजन आउटलेट्स से भारत के कम्यूनिकेटर्स के लिए आवेदन खुले हैं। उत्तर प्रदेश के आवेदकों को वरीयता दी जाएगी।

• आयोजक चयनित प्रतिभागियों की यात्रा, आवास और भोजन की लागत वहन करेंगे।

• वर्कशॉप में रिन्यूएबल एनर्जी सुविधा वाली जगह की फील्ड यात्रा शामिल होगी।

• हम विशेष रूप से महिलाओं और शुरुआती व मिड-करियर पेशेवरों को आवेदन करने के लिए बढ़ावा देते हैं।

योग्यता

आवेदकों के लिए खास बात-

• वर्कशॉप के सभी दिनों में भाग लेने के लिए प्रतिबद्ध हों।

• वैज्ञानिक या पर्यावरणीय विषयों पर रिपोर्टिंग का कुछ अनुभव हो।

• इंग्लिश समझने और संवाद करने में सक्षम हों।

• रिन्यूएबल एनर्जी के मुद्दों में रुचि दिखाएं।

• वर्कशॉप में भाग लेने के परिणामस्वरूप आयोजकों द्वारा किसी भी आउटपुट के पुनर्प्रकाशन की अनुमति दें।

कैसे करें आवेदन

• पेज के सबसे ऊपर 'एप्लाई नाउ' बटन पर क्लिक करें।

• अगर आपका पहले से अकाउंट है तो लॉगइन करें। दरअसल, हमने हाल ही में अपनी वेबसाइट अपडेट की है, इसलिए आपको 'फॉरगेट पासवर्ड?' पर क्लिक करके अपना पासवर्ड रीसेट करना पड़ सकता है। लॉग इन पेज में लिंक होगा। अगर आपका अकाउंट नहीं है तो आपको पेज के सबसे ऊपर दाईं ओर 'लॉग इन' पर क्लिक करके रजिस्ट्रेशन करना होगा और पेज खुलने वाले नीचे 'साइन अप' लिंक पर क्लिक करना होगा। अकाउंट कैसे बनाया जाए, इस बारे में सभी जानकारी के लिए यहां क्लिक करें और अपना पासवर्ड रीसेट करने के तरीके के बारे में विस्तृत निर्देशों के लिए यहां क्लिक करें।

• अगर आप एप्लिकेशन भरना शुरू करते हैं और बाद में इसे पूरा करना चाहते हैं तो सेव ड्राफ्ट पर क्लिक करना होगा। ड्राफ्ट पर वापस जाने के लिए आपको फिर से लॉगइन करना होगा। आवेदन को अंतिम रूप देने के लिए 'एप्लाई नाउ' पर फिर से क्लिक करना होगा।

• किसी संस्थान के साथ काम कर रहे या फुल टाइम बेसिस पर जुड़े हुए या फ्रीलांस कर रहे कम्यूनिकेटर्स को भी उसी अनुसार होना चाहिए। वर्कशॉप में कम्यूनिकेटर की उपस्थिति की पुष्टि करने के लिए संस्थान से एक लेटर भी उपलब्ध करवाना होगा।

• आवेदकों को दो प्रकाशित नमूने या किए गए काम के लिंक देने होंगे, जो ऑनलाइन उपलब्ध हों। रिन्यूएबल एनर्जी के मुद्दों से संबंधित काम को प्राथमिकता दी जाती है।

यदि आपको अपना आवेदन जमा करने में कठिनाई होती है या कोई सवाल हैं तो कृपया info.ejn@internews.org पर ईमेल करें। किसी अन्य इंटरन्यूज ईमेल से संपर्क न करें।

डेडलाइन के बाद भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

Banner image: Solar panels in Sidhauli, near Lucknow / Credit: Sudhir Mishra